Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to connect villages in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar with high speed broadband network-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): बिहार राज्य अंतर्गत महाराजगंज लोकसभा मेरा संसदीय क्षेत्र है। मेरा संसदीय क्षेत्र सारण प्रमंडल के सारण (छपरा) एवं सिवान जिला में परिसीमित है। मेरे संसदीय क्षेत्र की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रो में वास करती है। आधुनिक विकास के दौर में संचार के क्षेत्र में हमारे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। इस परिवर्तन से हमारे देश के गाँवों को भी भारत नेट अभियान के तहत "ऑप्टिकल फाईबर आधारित हाई स्पीड ब्राडबैंड नेटवर्क" से जोड़ने का फैसला वर्तमान सरकार के द्वारा लिया गया है । इस अभियान के तहत मैं अपने संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों को भी "ऑप्टिकल फाईबर आधारित हाई स्पीड ब्राडबेंड नेटवर्क" से जोड़ने का आग्रह भारत सरकार से करता हूं ताकि इस घोर प्रतिस्पर्धा के युग में हमारा गांव भी इंटरनेट की सुविधा तीव्रगति से प्राप्त कर सके । अतः मेरा संचार मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण (छपरा) जिला अंतर्गत तरैयाँ, पानापुर, इसुआपुर, मशरक, बनियापुर, जलालपुर, माँझी, एकमा, लह्लादपुर (जनताबाजार) तथा सिवान जिला अंतर्गत भगवानपुर हाट, बसंतपुर, गोरियाकोठी एवं महाराजगंज प्रखंडों के सभी गांवों को "ऑप्टिकल फाईबर आधारित हाई स्पीड ब्राडबैंड नेटवर्क" से जोड़ा जाए ।